HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Second Session)

Questions For Written Answers

Monday, 2nd April, 2018/12 Chaitra, 1940 (Saka)

[Chief Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affair Minister - MPP & Power Minister - Agriculture Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister and Forest Minister].

Total No. of Questions - 11

Writers' Home

59 **Sh. Ram Lal Thakur (Sri Naina Deviji):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Government has decided to establish a writers' home at Longwood Shimla; and

(b) if yes, by when it will be established and what facilities will be provided to the writers?

सौर ऊर्जा

60 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार सौर ऊर्जा के विकास हेतु क्या पग उठा रही है;

(ख) क्या केन्द्र सरकार ने प्रदेश के हर जिले में सौर-ऊर्जा पार्क विकसित करने का निर्णय लिया है; और

(ग) यदि हाँ, तो गत तीन वर्षों मे यह पार्क कहां -कहां पर विकसित किये गये; ब्यौरा दें?

नगर वन उद्यान योजना

61 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)**ः

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा नगर वन उद्यान योजना के अन्तर्गत शिमला शहर में कितने स्मार्ट उद्यानों का विकास किया; ब्यौरा दें; और

(ख) इस वर्ष कितने उद्यान शिमला शहर में कहां-कहां पर विकसित किये जाएंगे?

नाभा हाऊस में स्टोर रूम

62 **श्री राकेश सिंघा (ठियोग)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि नाभा हाऊस में लोक निर्माण विभाग के स्टोर रूम बने हैं;

(ख) यदि हां, तो इनमें कितने अधिकारी/कर्मचारी अनधिकृत तौर पर रह रहे हैं; और

(ग) इनका house rent, बिजली तथा पानी का बिल विभाग दे रहा है; यदि हां, तो किन नियमों के अन्तर्गत, ब्यौरा दें?

जूनियर ऑफिस असिस्टेंट

63 **श्री राकेश सिंघा(ठियोग)** ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि पूर्व सरकार द्वारा जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आई0टी0) पोस्ट कोड-447 के अन्तर्गत कार्मिक विभाग की क्लैरीफिकेशन के आधार पर नियुक्तियों दी गई हैं; यदि नहीं, तो सरकार इसकी समीक्षा करने का विचार रखती है;

(ख) गत तीन वर्षों में कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर द्वारा किन-किन पदों पर क्लैरीफिकेशन के आधार पर नियुक्तियां दी गई हैं; ब्यौरा वर्षवार पदों के नाम सहित दें; और

(ग) इनमें से कितने उम्मीदवार ऐसे हैं जो नियुक्ति व पदोन्नति नियमों को पूर्ण नहीं करते?

Salary and Allowances

64 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Jail Wardens are getting salary and allowances equivalent to their counterparts in Police; and

(b) if no, reasons be given?

थाना/चौकी

65 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत थाना, चौकी व बैरियर किन-किन स्थानों पर है; नाम सहित पूर्ण ब्यौरा दें;

(ख) इनमें कितने पद स्वीकृत और कितने रिक्त हैं; और

(ग) इनके कितने सरकारी भवन हैं व कितने निर्माणाधीन हैं?

पशु औषधालय/चिकित्सालय

66 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु औषधालय/चिकित्सालय हैं;

(ख) इनमें कितने पद डॉक्टरों तथा वेटरिनरी फार्मासिस्टों के रिक्त हैं; और

(ग) इन पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Employees appointed in e-Governance

67 **Sh. Balbir Singh(Chintpurni) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Revenue department has decided to take over the services of the employees appointed in e-Governence Societies;

(b) if so, service of how many employees have been taken over and how many are left, category and districtwise detail be given; and

(c) by when service of left out employees will be taken over?

धनराशि का आबंटन

68 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग को विभिन्न शीर्षों से कितनी धनराशि प्राप्त हुई; किन-किन कार्यों हेतु व्यय की गई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा दें;

(ख) इनमें कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कितने निर्माणाधीन हैं और कितने आरम्भ नहीं हुए हैं; और

(ग) कितनी योजनाओं के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुके हैं; ब्यौरा दें?

डमोह-डूग-गद्दी बस्ती सम्पर्क सड़क

69 **श्री राकेश पठानिया (नूरपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार नूरपुर मण्डल के अन्तर्गत डमोह-डूग-गद्दी बस्ती सम्पर्क सड़क के निर्माण का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**

दिनांकः 17 मार्च , 2018. **सचिव।**